## परासिया के वकीलों ने रंगनाथन का केस लड़ने से किया इंकार

# भारी पुलिस बल के साथ रंगनाथन कोर्ट में पेश, मिली 10 दिनों की रिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कफ सिरप कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार शाम परासिया कोर्ट में पेश किया गया । जहां से विस्तृत पूछताछ के लिए पुलिस को 10 दिनों की रिमांड मिली । शुक्रवार सुबह से ही परासिया थाना और कोर्ट परिसर में मीडिया , पीड़ति परिवार और लोगों की भीड़ लगी रही । भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया ।जिस जहरीले कफ सिरप से अब तक 22 बच्चों की मौत हो गई , उस कफ सिरप कंपनी के मालिक गोविंदन रंगनाथन को SIT की टीम ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर परासिया लाया । यह खबर लगते ही शुक्रवार सुबह से ही आरोपी को देखने लोगों की भीड़ परासिया थाने और कोर्ट परिसर में लगी रही । न्यूज़ कवरेज के लिए भी बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी दोनों जगह मौजूद रहे । पुलिस ने बड़ी



मशक्कत के बाद आरोपी रंगनाथन को शाम 5 : 17 बजे थाने से कोर्ट ले गई । जहां पहले से ही मौजूद भीड़ फांसी दो के नारे लगाते रहे । कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड मांगी , जो मंजूर कर ली गई और 10 दिनों की रिमांड दी गई है ।

**थाने में ही हुआ मुलाहेजा :-** सुरक्षा की दृष्टि से एक ओर जहां पुलिस ने भारी पुलिस बल इकठ्ठा कर रखा था , वहीं कोर्ट में पेश करने के पूर्व आरोपी का मुलाहेजा (MLC) थाने में ही कराया गया ।

**वकीलों ने केस लड़ने से किया इंकार :-** अधिवक्ता संघ परासिया के अध्यक्ष श्याम कुमार साहू ने बताया है , कि परासिया और छिंदवाड़ा का कोई भी वकील आरोपी रंगनाथन का केस नहीं लड़ेगा और इसका केस लड़ने बाहर से आने वाले वकीलों का विरोध भी किया जाएगा ।

## मासूम बच्चों को दी गई श्रद्धांजलि




**इकलेहरा / परासिया :-** जहरीले कफ सिरप से मरने वाले बच्चों को प्रति हर कोई अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहा है , कोई मृतक बच्चों के घर जाकर परिजनों से मिलकर सांत्वना दे रहा है , तो कहीं कैंडल मार्च निकाला जा रहा है । शुक्रवार को ग्राम ईकलेहरा में भी परासिया में हुई गलत इलाज के चलते 24 मासूम बच्चों की मौत हो गई । जिनकी आत्मा की शांति के इकलेहरा बस स्टैंड में मासूमों को श्रद्धांजलि दी गई । इस दौरान उपसरपंच फखरूल सिद्दीकी , इलियास सिद्दीकी , राजेंद्र पाटेकर , संजय बन्देवार , संजय पंडोले , अमित कुमार , हेमालाल यदुवंशी , विक्की लाउतरे , अरविन्द चौरसिया , धनसिंग बन्देवार , उमेश साहू , आकाश साहू , अनवर खान , विनोद कोचे और नईमउल्ला (गुड्डू भाई ) मौजूद रहे।

## बिछुआ में शहर कांग्रेस कमेटी ने निकाला मौन कैंडिल मार्च

**बिछुआ।** जिले में जहरीले कफ सिरप के पीने से हुई नौनिहालों की मौत पर जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरूवार को बिछुआ में ब्लाक और शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा मौन कैंडिल मार्च निकाला गया। मौन कैंडिल मार्च ब्लाक कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, बाजार चौक, पुराना बाजार चौक होते हुए शहीद स्मारक पहुंचा, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कैंडिल मार्च में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह पटेल, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लेखराम मालवीय, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीसिंग ठाकुर, कैलाश मालवीय, पार्षद राजकुमार मरावी, कैलाश यादव, हितेन्द्र पवार, दिनेश गोनेकर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष किरण कोडपे, प्रकाश उइके, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती शर्मा, नगर अध्यक्ष संगीता पवार, राधेश्याम मालवीय, पवन रंगारे, विनोद डोंगरे, निशिकांत धुर्वे, विपिन उइके, आबिद अली, अफजल खान, रोहित साहू, सतीश बोबड़े, राजा मिनोटे, मिथुन मिनोटे, धनपत उइके, दीपक खडसे, रितिक श्रीवास, अजाबराव मिनोटे, गौरव शिवहरे, राहुल डेहरिया,ज्योति कालभूते,समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के अनुसंगिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## प्रशासन जानबूझकर कर रहा दवाई विक्रेता पर कार्यवाही

**सौंसर।** कफ सिरप मामले में लगातार दवाई दुकानदारों पर हो रही कार्रवाई को लेकर सौसर औषधि विक्रेता द्वारा गुरुवार को सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अनिश्चितकालीन पर चले गए है।प्रशासन को सोफे ज्ञापन में दवाई विक्रेताओं के द्वारा अधिकारियों पर बिना कारण दवाई दुकानदारों को परेशान करने एवं प्रकरण बनाने का भी आरोप लगाया है।रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे औषधि विक्रेता संघके अध्यक्ष राधावल्लभ राठी, सतीश गाडगे, रत्नाकर खडतकर पिंटू मानेकर, ने बताया कि कफ सिरप के मामले में जिन बच्चों की मृत्यु हुई है उनके साथ में हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में मासूम बच्चों की मृत्यु से हमारा पूरा केमिस्ट परिवार दुखी है। प्रशासन के द्वारा इस घटना के बाद से एंटीकोल एवं कफ सिरप को लेकर जिले दुकानों पर प्रशासन द्वारा अनुचित कार्रवाई कर परेशान किया जा रहा है।जिससे केमिस्ट के परिवार भयभीत एवं परेशान है। घटना में दोषी दवा कंपनी संचालक है उसपर कार्रवाई होनी चाहिए,परंतु प्रशासन के द्वारा जबरदस्ती निर्दोष दवाई दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है।प्रशासन की अनुचित कार्यवाही पर तत्काल रोक लगनी चाहिए, अनुचित कार्रवाई के कारण क्षेत्र के सभी दवाई दुकानदारों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल दुकाने बद की गई है।



## बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस



**जुन्नारदेव।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा काली माता मंदिर वार्ड नंबर 08 मे प्रखंड बैठक आयोजित कर बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर जिला संयोजक श्री राधेश्याम यदुवंशी ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का संक्षिप्त इतिहास बतलाते हुए संगठन की रीति नीति और उद्धेश्य से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया एवं प्रखंड अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार सोनी ने अपने उदबोधन मे बजरंग दल की स्थापना से लेकर आज तक किये हुए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियां पर प्रकाश डाला।बैठक मे जिला गौरक्षा प्रमुख श्री गजानंद यदुवंशी, जिला सतसंग प्रमुख श्री संतोष मांडवार,जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख श्री श्याम ओझा, प्रखंड संयोजक श्री राहुल आम्रवंशी, सहसंयोजक श्री श्रीकांत रंगडे एवं श्री हिमांशु नागवंशी,नगर संयोजक श्री आयनेश चौकसे,श्री सौरभ नागवंशी एवं अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## 18 अवैध क्लीनिक सील, 30 अवैध मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी

### स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई - झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग ने गत दिवस जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बटकाखापा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण संयुक्त कार्रवाई की। इस अभियान में नायब तहसीलदार श्री चरणसिंह धुर्वे, बीएमओ श्रीमती रानी वर्मा, टी.आई. श्री अनिल राठौर, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य विभाग श्री मनोज श्रीवास्तव, ब्लॉक खंड विस्तार प्रशिक्षक श्री नारायण अहके, सेक्टर सुपरवाइजर, ए.एन.एम. आशा, ग्राम कोटवार और पुलिस आरक्षक श्री आशीष सिंह की सक्रिय भागीदारी रही।

### 18 अवैध क्लिनिक सील

बिना लाइसेंस वाले बटकाखापा में 6, चूरी साजवा में 2 और धनोरा में 2, अंडोल में 2, आंचरकुंड में 2, चिलक में 2, मढ़ी में 1 व भुमका में 1 अवैध क्लिनिकों को नायब तहसीलदार और बीएमओ के नेतृत्व में सील किया गया।

### 30 अवैध मेडिकल संचालकों को नोटिस

विभागीय सर्वे के आधार पर बटकाखापा में 12 और धनोरा में 18 अवैध क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी करने के लिये पंचनामा तैयार किया गया।



### दवाइयां जप्त

अवैध क्लिनिकों से दवाइयां जप्त करने का उद्धेश्य है कि बिना योग्यता वाले चिकित्सकों पर अंकुश लगाया जा सके, लोगों को झोलाछाप डॉक्टरों के खतरों के प्रति सचेत किया जा सके, मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा की जा सके एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाया जा सके।

### क्यों जरूरी है यह कार्रवाई

झोलाछाप डॉक्टर बिना उचित योग्यता और लाइसेंस के इलाज करते हैं, जिससे कई बार गंभीर परिणाम होते हैं। हाल ही में परासिया में डॉक्टर प्रवीण सोनी द्वारा बच्चों को जहरीला कफ सिरप देने से 20 बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना को ध्यान में रखते हुए सीएमएचओ के निर्देशानुसार झोलाछाप डॉक्टरों पर यह कार्रवाई की जा रही है।

### आगे की रणनीति -

**निरंतर निगरानी -** अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस पर कड़ी नजर रखी जाएगी।
**जागरूकता अभियान -** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जाएगा।
**कानूनी कार्रवाई -** नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
यह संयुक्त कार्रवाई जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार जनहित में की गई है, ताकि लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

## हड़ताल पर नहीं जाएंगे सफाई कर्मचारी, चर्चा में बनी बात

### कर्मचारियों से चर्चा के लिए पहुंचे नपा अध्यक्ष , सीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी । शुक्रवार को चार बजे परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और सीएमओ भरत गजबे कर्मचारियों से चर्चा के लिए पहुंचे । पोस्ट आफिस के समीप कर्मचारियों से चर्चा हुई । नगर पालिका ने कर्मचारियों के लंबित भुगतान आदि को संचित निधि टूटने पर देने और अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया । कर्मचारी हड़ताल टालने पर सहमत हो गए ।लंबे समय से नगर में सफाई कर्मचारियों का संगठन दीपावली के त्यौहार पर हड़ताल करता है । इस बार भी हड़ताल की चेतावनी दी गई थी । नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के साथ कर्मचारी संघ के नेता रामपाल पथरेला से चर्चा हुई । नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया , कि संचित निधि टूटने के बाद सभी के भुगतान कर दिए जाएंगे । अभी कुछ कर्मचारियों को नियमित किया जाना है । कुछ कर्मचारियों को विनियमित करना है । सभी काम किए जाएंगे । कर्मचारियों के हित में नगर पालिका काम कर रही है । भुगतान नियमित कर रही है। कर्मचारियों से हड़ताल न करने का आग्रह किया । जिसे स्वीकार कर लिया गया।

## दीपावली पर्व पर निश्चित जगहों पर दूकान लगाने के दिए निर्देश

**सिंगोड़ीः** अमरवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमकरण धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकरे ने आगामी त्योहारों को लेकर फटाका व्यापारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। श्री धुर्वे ने दिपावली पर्व के दौरान निश्चित जगह पर दुकान लगाने अग्नि यंत्र और आग बुझाने वाले इंतजामों के साथ दुकान लगाने सहित अन्य दिशा निर्देश व्यापारियों को दिए इस दौरान अधिकारियों ने उस जगह का भी निरक्षण किया जहां दुकान लगाई जाना है तथा साफ सफाई की व्यवस्था पंचायत को करने कहा गया। इस दौरान दर्जनों फटाका व्यवसाई मौजूद थे।



### नहीं थम रहा रेत का अवैध खनन, रोजाना निकल रहे रेत से भरे वाहन

## खनिज निरीक्षक की कार्यवाही को दिन के उजाले में चुनौती दे रहे रेत से भरे ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में हो रही लगातार रेत चोरी पर खनिज निरीक्षक ने गुरुवार की दरमियानी रात को अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए एक चोरी की रेत ले जाते ओवरलोड ट्रैक्टर को पकड़ा और उसे तामिया थाने में खड़ा करवाया बस यही बात यहां के रेत चोरी में लगे वाहन मालिकों को यह बात ना गवार गुजरी कि हमें स्थानीय प्रशासन का खुला संरक्षण मिला है और हम वेखौफ दिन के उजाले में ओवरलोड रेत के ट्रक ट्रैक्टर निकालते हैं, लेकिन हमारे ऊपर आज तक स्थानीय प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बस यही बात इनको खटक गई और उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए रात के बजाय रेत के ओवरलोड लगभग 30 वाहन रेत से भरे दिन के उजाले में निकले। ऐसा सिर्फ इसलिए किया गया कि खनिज निरीक्षक को निकाले गये वाहनों से चुनौती जो देना है कि आप एक ट्रैक्टर पकड़ कर आपने रेत पर अंकुश लगाने संबंधित वाहीवाही लूटने का थोथा प्रयास था। इस तरह बीती रात रेत के वाहन ना निकाल कर इन्होंने दिन के उजाले में रेत चोरी के वाहन निकाल कर खनिज विभाग एवं खनिज निरीक्षक सहित स्थानीय प्रशासन खुली चुनौती देने जैसा प्रयास किया है। यदि किसी अधिकारी को आज प्रातः निकले ओवरलोड रेत के वाहनो की पुष्टि करना है तो वह कुआं बादला टोल से लेकर न्यूटन तक लगे सीसीटीवी कैमरो में इस चुनौती को देखकर समझ सकते हैं कि तामिया से रेत ले जाने वालो के हौसले कितने बुलंद है जो लगातार रेत की चोरी करते चले आ रहे हैं। दिन के उजाले में निकले ओवरलोड ट्रैक्टर तो यही सिद्ध कर गए।

अब देखना यह है कि प्रशासन एवं खनिज निरीक्षक इस चुनौती को कैसे स्वीकार करते हैं। यह तो आने वाले दिनों में इन पर कारवाई होने और नहीं होने से ही प्रशासन खनिज निरीक्षक रेत वालों के बीच में कौन भारी पड़ता है। यह तो आने वाला समय तय करेगा। ऐसी चर्चा आम जन में व्याप्त हो चुकी है।





## अन्य कंपनी के पहले से डले केबिल पाईप भी क्षतिग्रस्त होकर टूट सकते है

# एयरटेल कंपनी प्रोजेक्ट ठेकेदार के द्वारा अन्डरग्राउण्ड केबल पाईप बिछाने से अन्य सेवाएं प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

सारनी से लेकर रामपुर दमुआ घोरावाडी जुन्नारदेव तक एयरटेल प्राजेक्ट ठेकेदार का कार्य सडक के किनारे - किनारे नाली खोदकर केबल पाईप बिछाने का काम चल रहा है।

कही कही पर सडक के किनारे अन्डरग्राउण्ड बोरिंग मशीन से ड्रिलींग कर गड्डे कर नाली के माध्यम से केबल पाईप बिछाने का कार्य जोरे से चल रहा है जिसमें मुख्य सडक हाईवे राजमार्ग सडक रोड के किनारे से जगह जगह नाली खोदकर बोरिंग मशीनसे ड्रिलींग कर नाली के माध्यम से केबल पाईप बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है , सारनी से लेकर रामपुर दमुआ, मुख्य सडक मार्ग की रोड के किनारे किनारे गड्डे नाली की खुदाई कर केबल पाईप डालने का काम चल रहा है और रामपुर से दमुआ मुख्य सडक मार्ग के किनारे नाली खुदाई का कार्य चल रहा है। खासबात तो यह है कि दमुआ शहर के मुख्य सडक मार्ग के किनारे किनारे बोरिंग मशीन से ड्रिंलीग की जा रही है और एयरटेल कंपनी के केबल पाईप डाले जा रहे है और सडक के आजू बाजू पहले अन्य टेलीफोन कंपनी जैसे बी.एस.एन.एल. , आईडिया, जीओ, सहित अन्य टेलीफोन कंपनी के केबल पाईप वायर पहले से सडक के किनारे डले है और दमुआ नगर शहर के निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य सडक रोड सारनी मार्ग दमुआ जुन्नारदेव मुख्य सडक के किनारे से पीने के पानी की पाईप लाईन बिछी हुई है और मुख्य सडक के किनारे पानी की निकासी के लिए नाली भी बनी है जिसमें नाली के उपर ढलाई की गई है।

यदि एयरटेल कंपनी प्राजेक्ट के ठेकेदार के द्वारा सडको के किनारे से ड्रिलींग कर केबल पाईप डाले जा रहे है ऐसे हालात में कभी भी पाईप लाईन फूट सकती है और अन्य कंपनी के पहले से डले केबिल पाईप भी क्षतिग्रस्त होकर टूट फूट सकते है। और आवश्यक सेवाऐं भी प्रभावित हो सकती है। इन बातो से भी इंकार नही किया जा सकता है कि यदि नाली खोदी जा रही है तो वृक्ष भी धर्राशाही हो सकते है। ऐसी परिस्थितियों में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं एयरटेल कंपनी के ठेकेदार और सभी जिम्मेदार अधिकारीगण भी जिम्मेदार हो सकते है।

## सूने मकान में चोरी

**दमुआ।** ग्राम पंचायत के सामने श्री राजकुमार यदुवंशी के सूने मकान का अज्ञात चोरो घर के सामने का दरवाज का ताला तोडकर सूने घर में घुस कर कीमती जेवरात ले उडे जिसमें कान के झाले 01 जोडी, तीन सोने की लौंग, एक जोड चांदी की बिछिया जुडवा , 01 जोड चांदी की पैर पट्टी सहित नगद 12000/- रूपये अज्ञात चोरो ने हाथ साफ कर लिया है। और फरार हो गये जबकि चोरी की गये कीमती गहनों की कीमत लगभग 02 लाख रूपये बतायी जा रही है। चोरी की घटना 04 सितम्बर की बताई जा रही है। चोरी की शिकायत घर के मुखिया राजकुमार यदुवंशी मनकूघाटी के द्वारा पुलिस थाना नवेगांव में दिनांक 05 सितम्बर को की गई तथा घर के मुखिया द्वारा शक के आधार पर कुछ लोगो के नाम भी पुलिस को बताये गये परन्तु आज दिनांक तक अज्ञात चोरो का पुलिस द्वारा पता नही लगाया गया है।

## खंती में मिला युवक का शव

**दमुआ।** दमुआ थाना क्षेत्र के वार्ड नं.12 दमुआ न. 12 का रहने वाला नगर पालिका कर्मी का शव नंदन खंती में उतराता मिला पुलिस ने बताया कि यहां रहने वाला मोहन खातरकर पिता गुलाब खातकर उम्र 32 वर्ष जो पिछले दो दिनों से लापता था परिजनो ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दमुआ थाना में दर्ज करवाई थी लगातार दो दिनों से परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे बुधवार को उसका शव नंदन खंती उतराता मिला। पुलिस पंचानाम बनाकर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्डम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## दमुआ में जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे ने की, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य/सचिव श्रीमती रश्मि दास सहित समिति के अन्य सदस्यगण श्री राकेश सूर्यवंशी,पिंटू नागले, संतोष वरबड़े, राजकुमार कुशवाह, महेश कुमार भारती उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा भौतिक विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जनभागीदारी समिति की बैठक में विज्ञान संकाय हेतु उपकरण एवं पुस्तकें क्रय करने, ,सत्र 2026-27 से कम्प्यूटर एप्लीकेशन कोर्स प्रारंभ करने, महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में सी सी टी वी कैमरा लगाने, जनभागीदारी मद से कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि करने एवं अन्य प्रमुख प्रस्ताव जनभागीदारी समिति के सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## विद्युत कंपनी किसानों को नहीं दे रही है सरकारी योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

किसने की बिजली समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की ओरसे कार्यपालन अभियंता संभाग सौसर में पहुंचकर बिजली समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत किया गया।राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष सुदामा मनमोडे ने बताया कि सौसर विकासखंड के किसानों की बिजली संबंधित समस्या को लेकर सदस्यों के द्वारा अभियंता के कार्यलय में पहुंच कर बिजली समस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की है।लगभग 1 घंटे बिजली संबंधित समस्या को लेकर कार्यपालन अभियंता से चर्चा में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीण किसानों तक नहीं पहुंच रहा इस पर नाराजगी की जाहिर की गई है। चर्चा के दौरान ₹5 में बिजली कनेक्शन किसानों को दिया जा रहा है,जो कि पूरे मध्य प्रदेश में लागू है लेकिन सौसर विकासखंड पांढुर्णा जिला छिंदवाड़ा जिला में एक भी किसानों को इस योजना का लाभ नहीं दिया गया है। 170 रुपए में कनेक्शन ट्रांसफर की योजना शासन के द्वारा संचालित है। जिसका लाभ अभी तक इन जिलों में एक भी किसानों को नहीं दिया गया है,साथ ही विभाग के द्वारा मनमानी तरीके से टी सी कनेक्शन की राशि वसूली जा रही है, जरूरत के अनुसार टी सी कनेक्शन 1 माह 2 माह 3 माह एवं चार माह का दिया जाता है, लेकिन मोहगांव क्षेत्र से जबरदस्ती चार महीने का कनेक्शन दिया जा रहा है। जिससे किसानों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। किसानों को रात्रि में खेतों में पानी सिंचाई के लिए लाइट दी जा रही है।

# बेरडी ग्राम बना प्रेम, भक्ति और श्रद्धा का पंढरपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

शुक्रवार को बेरडी ग्राम महाराष्ट्र के पंढरपुर जैसा नजर आ रहा था। आयोजन में शामिल हुए हर श्रद्धालु के मुख पर जय हरी विठ्ठल जय हरी विठ्ठल के स्मरण ने संपूर्ण क्षेत्र को विठ्ठल रुक्माई में बना दिया था।ग्राम बेरडी के विठठल रूख्मिणी मंदिर में विगत सात दिनों से चल रहे अखंड हरिनाम सप्ताह का शुक्रवार को अत्यंत भक्तिभाव, अनुषासन और भव्य वातावरण में समापन हुआ।



समापन अवसर पर प्रसिद्ध कीर्तनकार हभप समाधान महाराज षर्मा ने अपनी मधुर वाणी और प्रेरणादायी प्रवचन से जनसमूह को हरिनाम के रस में डूबों दिया। पूरा ग्राम विठठल नामस्मरण से भक्तिमय हो उठा, जय जय राम कृष्ण हरी, पांडुरंग विठठल हरि के घोष से वातावरण में अलौकिक ऊर्जा फैल गई थी।श्रद्धालू, महिलायें, वारकरी, बालक बालिकायें वरिष्ठ नागरिक सभी संत भाव से सराबोर हो उठे। दहीलाही किर्तन पष्चात अखंड ज्योत को ग्राम के मंदिरों में ले जाकर आरती की गई, आरती ने ग्राम का भ्रमण कर विठठल का नामस्मरण किया गया, नगर में निकली पंचकुशी की आरती का जगह-जगह पर फूलों का वर्षा होकर स्वागत सत्कार किया गया। पूरे सप्ताह चले कार्यक्रम में श्रद्धालूओं ने सात दिनो तक हरिनाम, भजन, प्रवचन और कीर्तन का आनंद लिया। अखंड हरी नाम सप्ताह के समापन अवसर एवं दहिलाई कार्यक्रम में दिव्य प्रवचन देते हुए हभप समाधान महाराज ने कहा कि,हरिनाम ही वह दिव्य साधना है जो मनुष्य को जन्म-मरण के चक्र से मुक्त करती है। जो व्यक्ति विठठल नाम का जाप करता है वह जीवन के हर संकट में भगवान की कृपा प्राप्त करता है। संत तुकाराम, ज्ञानेष्वर, नामदेव और एकनाथ महाराज के उपदेषों का स्मरण करते हुये कहा कि, भक्ति केवल मंदिर तक सीमित नही है बल्कि यह जीवन का अनुषासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का मार्ग है।

### हजारों भक्तों के साथ जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

अखंड हरी नाम सप्ताह समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के जनप्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया है। इस भव्य दिव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, महाराष्ट्र शासन के पूर्व मंत्री सुनील केदार, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व विधायक अजय चौरे आदि ने विठठल रूख्मिणी के चरणों में मस्तक झुकाकर आषीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के राधेष्याम सुद्धा एवं वारकरी संप्रदाय ने विठठल रूख्मिणी की प्रतिकारात्मक स्मृति चिन्ह भेट कर सत्कार किया। सांसद श्री साहू ने कहा कि, बेरडी पंढरी आज भक्ति और संस्कृति का केन्द्र बन गया है। यहा की वारकरी परंपरा समाज को एकता, प्रेम और सेवा का संदेष देती है।

## ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाया, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

### कुत्तों के हमले से पहले ग्रामीणों ने पकड़ा, बचाई जान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जंगल से भटक कर एक हिरण लांजी थाना क्षेत्र के एक गांव में पहुंच गया था। जहां कुत्तों ने हिरण को घेरकर उस पर हमला करने वाले ही थे जिसकी भनक ग्रामीणों को लगते ही कुत्तों के चंगुल से हिरण को बचा लिया। हालांकि हिरण जख्मी हो गया था। जनपद क्षेत्र लांजी के नंदोरा गांव में घोटी बीट के जंगल से शुक्रवार को सुबह कहीं से एक हिरण पहुंच गया था। जिस पर कुत्तों की नजर पड़ते ही उसकी घेराबंदी कर हमला करने ही वाले थे परंतु कुत्तों के हमला करने की आवाज और उनका झुंड देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जहां कुत्तों के बीच एक हिरण जमीन पर पड़ा था। हिरण को बचाने के लिए ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर हिरण को बचाने के लिए कुत्तों को भगाया। जिससे किसी तरह हिरण की जान बच गई। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग पूर्व लांजी के कर्मचारी गांव पहुंचकर हिरण को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग द्वारा हिरन का इलाज कराकर उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया।

## महाविद्यालय में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस योजना के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ''मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा विषय पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र, छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी प्रदान करने के लिए किया गया था।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रक्षा निकोसे द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं अंतर्गत कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। तत्पश्चात विकास साहू उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस योजना नोडल अधिकारी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा के विषय पर विस्तृत रूप से समझाया गया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य कल्याण की व्यवस्था हैं, जिसमें व्यक्ति अपनी क्षमताओं का एहसास करता हैं, जीवन के सामान्य तनाव का सामना करता हैं, एक उत्पादक, फलदाई एवं रचनात्मक ढंग से काम करता है। यह केवल मानसिक बीमारी के अनुपस्थित नहीं हैं, बल्कि भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण की एक सकारात्मक स्थिति हैं, जो किसी की सोचने, महसूस करने और कार्य करने की तरीके को प्रभावित करती हैं। मानसिक स्वास्थ्य स्थायी स्थिति नहीं हैं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जो बदलती रहती है।

डॉ अनिरुद्ध सिंह काकोडिय़ा सहायक प्राध्यापक द्वारा शॉट एनालिसिस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गए। जिसमें छात्र, छात्राओं को अपने मजबूत पक्ष को सुदृढ़ बनाने एवं कमजोर पक्ष पर सुधार करने पर व्याख्यान दिया गया। इसी तारताम्या में डॉ त्रिरत्नेश गजभिये ने अपने उद्बोधन से छात्र, छात्राओं प्रोत्साहित करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मानव जीवन के विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है। उनके द्वारा जीवन शैली को बेहतर बनाने से संबंधित सुझाव दिए गए, जिससे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सके, मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य को एक दूसरे का पूर्वक बताया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ एस एस गेड़ाम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत रूप से छात्र, छात्राओं को संबोधित किया गया। उनके द्वारा दैनिक जीवन में होने वाले विभिन्न साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर के बारे में छात्र, छात्राओं को जानकारी दी गई। कुछ लोगों में अनावश्यक शक करने की बीमारी होती है, शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस, सामान्य क्रियाकलापों को भी बार बार चेक करना, सामान्य परिस्थितियों में भी अधिक चिंता करना, मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद के संबंध में बताया गया।

## 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में मॉयल का शानदार प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मॉयल लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, प्रभावी जनसंपर्क और रचनात्मक संचार के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर गौरव अर्जित किया है। पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (PRCI) द्वारा 27 सितंबर 2025 को गोवा में आयोजित 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में मॉयल को पाँच प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

कंपनी को बिजनेस कम्युनिकेशन लीडरशिप, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एक्सीलेंस, कला, संस्कृति एवं खेल और हाउस जर्नल (क्षेत्रीय) जैसी विविध श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि मॉयल की सुदृढ़ प्रबंधन नीति, प्रभावी आंतरिक एवं बाह्य संचार तंत्र, और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का परिणाम है।

मॉयल की ओर से इन पुरस्कारों को संयुक्त महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री नितिन पगनीस एवं प्रबंधक (वित्त) श्री एस. एम. पत्रीकर ने प्राप्त किया। यह सम्मान संगठन की समर्पित टीम भावना, पारदर्शिता, और प्रगतिशील दृष्टिकोण का परिचायक है। पीआरसीआई द्वारा मिला यह गौरव मॉयल के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर आने वाले वर्षों में और ऊँचाइयाँ छूने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

### ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में पटवारी कार्यालय को डिस्मेंटल करने का मामला

## रिसेवाड़ा सरपंच-सचिव को एसडीएम ने दिया नोटिस, तीन दिन में जवाब देने कहा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में पुराना पटवारी कार्यालय को डिस्मेंटल करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता पवन कश्यप, पत्रकार लॉजी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लांजी को शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के सरपंच द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के पटवारी कार्यालय को डिस्मेंटल कर दिया गया है। इस संबंध में समाचार पत्र में भी खबर प्रकाशित हुई है, जिसमें ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा सरपंच पति की मनमानी का आरोप लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लांजी ने इस मामले में ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के सरपंच को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि आपके द्वारा बिना अनुमति के पटवारी कार्यालय को डिस्मेंटल करने की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसके तहत 13 अक्टूबर को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित रूप से जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम द्वारा पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि आप समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो विधि संगत एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेदार होंगे। इस मामले में कलेक्टर महोदय, जिला बालाघाट, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लॉजी और तहसीलदार लॉजी को भी सूचित किया गया है।

### नन्हें मुन्ने बच्चों व भरतनाट्यम नृत्यांगना रितिका जैन के नृत्य ने किया दर्शकों को मोहित

## बालीवुड नाईट में अभिनेता चंकी पांडे ने अपने अभिनय से दर्शकों को बनाया दीवाना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मै तेरा तोता, तू मेरी मैना, माने ना क्यू कहना, तूतक तूतक तूतिया, लाल दुपट्टे वाली अपना नाम तो बता, सात समंदर पार मै तेरे पीछे पीछे आ गई, सो गया ये जहां, सो गया आसमां, देखा जो तुझे यार, दिल में बजी गिटार, जो दे उसका भी भला, जो ना दे उसका भी भला, धिन चा चिका चिका धिन चा चा चा जैसे सुपरहिट गीतों पर थिरकते हुए जब फिल्मी हीरो चंकी पांडे ने अपनी अभिनय प्रतिभा के जलवे बिखेरना प्रारंभ किया, तो पूरा स्टेडियम शोर से गूज उठा। उनकी थिरकन व गीतों के साथ स्टेडियम में बैठे हुए दर्शक व श्रोता भी नृत्य करने लगे और खुशी से झूम उठे। यह पूरा नजारा था वारासिवनी नगर के रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित चंकी पांडे नाईट का।

नव दुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में फिल्मी हीरो चंकी पांडे के आगमन पर समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा द्वारा उनको हार पहना कर भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद हीरो चंकी पांडे के साथ प्रसिद्ध गायक व फिल्म वार टू में गीत गाने वाले साज भट्ट व इंडियन आईडल के पिछले सत्र की विजेता दीक्षा तूर ने एक से बढक़र एक नये पुराने गीतों को गाना शुरु किया, तो हीरो चंकी पांडे के साथ ही दर्शकों व श्रोताओं ने उनके सुर में सुर मिलाना प्रारंभ कर दिया। इन दोनों गायकों द्वारा गाए हुए गीतों पर हीरो चंकी पांडे के साथ ही कई दर्शकों द्वारा जमकर नृत्य किया गया।



क्रिस्टल इवेंट द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम में गायकों द्वारा गाये गए मधुर गीतों, अभिनेता चंकी पांडे के अभिनय, हास्य व संवादों ने दर्शकों व श्रोताओं का मन मोह लिया। अभिनेता चंकी पांडे ने अपनी व अन्य फिल्मों के गीतों पर नृत्य करने के साथ ही अपनी फिल्म हाउसफुल, तेजाब, आंखे, अपना सपना मनी मनी, मुंबई से आया मेरा दोस्त, आग ही आग, पाप की दुनिया, खतरों के खिलाड़ी, अग्नि, शतरंज आदि के संवादों को सुनाकर दर्शकों को सम्मोहित कर पेट पकड़ कर हॅसने, गुदगुदाने, तालियॉ बजाने व थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। फिल्म अभिनेता चंकी पांडे लगभग डेढ़ घंटे तक मंच पर रहे और दर्शकों से अपना सीधा संवाद बनाने में कामयाब रहे।

इस रंगारंग कार्यक्रम में गायक साज भट्ट ने चल छैया छैया व दीक्षा तूर ने लैला मैं लैला, ऐसी हूॅ लैला, हुस्न है सुहाना, इश्क है दीवाना, ओये ओये जैसे एक से बढक़र एक गीतों को अपने अन्य गायक साथियों के साथ गाकर माहौल को आनंद व उत्साह से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भरतनाट्यम नृत्य में पारंगत, देश व वारासिवनी नगर की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना व नृत्य प्रशिक्षिका रितिका जैन की दो नन्हीं नन्हीं शिष्याओं शिवी सोनकेसरिया व अनोखी रंगारे ने गणेश वंदना के साथ की। नन्हीं बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना के दौरान प्रदर्शित की गई नृत्य की विभिन्न मुद्राओं ने दर्शकों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समिति द्वारा रखे गए इनामी कूपन का ड्रा खुलने के बाद भरतनाट्यम नृत्य में पारंगत नृत्यांगना व नृत्य प्रशिक्षिका रितिका जैन द्वारा बेहतरीन, शानदार व मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। जिसे देखकर दर्शक व श्रोता वाह वाह कर उठे और वारासिवनी की इन नन्ही कलाकारों के साथ ही उनकी गुरु रितिका जैन का भी तालियों के साथ उत्साहवर्धन करते हुए जमकर प्रशंसा की।

# पुलिस वालों ने 'लूट' लिए 3 करोड़! एसडीओपी पूजा पांडेय सस्पेंड, 9 अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एक्शन

**मध्य प्रदेश में जिस पुलिस पर चोरों को पकड़ने की जिम्मेदारी थी उसी पुलिस पर हवाला के करीब 3 करोड़ रुपए आपस में बांटने के आरोप लगे हैं. मामला सिवनी के बंडोल थाना क्षेत्र का है. जब इस पूरी 'लूट' का खुलासा हुआ तो पुलिस विभाग में हडकंप मच गया. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने इस मामले में एसडीओपी पूजा पांडेय को निलंबित कर दिया है. वहीं, 9 पुलिस अधिकाकरियों और कर्मचारियों पर भी गाज गिरी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

मामला मध्य प्रदेश के सिवनी जिले का है. बंडोल थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि 8 अक्टूबर को जालना का रहने वाला एक शख्स सोहनलाल परमार अपने कुछ साथियों के साथ महाराष्ट्र की गाड़ी में सवार होकर हवाला के 3 करोड़ रुपए लेकर कटनी से नागपुर जा रहा है। इस जानकारी के आधाक पर पुलिस ने जंगल में रात करीब 1 से 2 बजे के बीच आरोपियों को पकड़ लिया. इतना ही नहीं हवाला के 3 करोड़ रुपए कब्जे में ले लिए. आरोप है कि इसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को मौके से धमकाकर भगा दिया और बरामद किए करीब 3 करोड़ रुपए आपस में ही बांट लिए।


एसडीओपी पूजा पांडेय

### 1.5 करोड़ रुपए लौटाए

जांच में सामने आया कि जब व्यापारियों ने इस मामले की शिकायत की तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए लौटा दिए और बाकी के पैसे अपने पास रखे.

### एसडीओपी पूजा पांडेय सस्पेंड-डीजीपी

इस मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना ने आदेश जारी कर महिला एसडीओपी पूजा पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जबलपुर जोन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

### सबूत नागपुर कैसे पहुँचे?

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि आरोपियों के मोबाइल फोन, जो पुलिस कस्टडी में थे, नागपुर तक पहुँच गए। अब यह सवाल उठ रहा है कि कस्टडी में रखे सबूत जिले से बाहर कैसे पहुँचे?

### मुख्यमंत्री कार्यालय का एक्शन

मामला मीडिया में आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने खुद हस्तक्षेप किया। जबलपुर छ्त्र प्रमोद वर्मा ने तत्काल जांच शुरू की और स्ठहक्क सिवनी कार्यालय व बंडोल थाना के 9 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

### इन 9 अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरी गाज

इस मामले में सिवनी एसडीओपी ऑफिस और बंडोल थाना के 9 अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी गाज गिरी है. इन सभी 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। उप निरीक्षक अर्पित भैरम, थाना प्रभारी बंडोल, सिवनी प्रधान आरक्षक माखन (203), एसडीओपी कार्यालय सिवनी प्रधान आरक्षक रविन्द्र उईके (447), रीडर, एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक जगदीश यादव (803), एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक योगेन्द्र चौरसिया (306), एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक चालक रितेश (582), ड्राइवर, एसडीओपी कार्यालय सिवनी आरक्षक नीरज राजपूत (750), थाना बंडोल, सिवनी आरक्षक केदार (610), गनमैन एसडीओपी सिवनी, 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा आरक्षक सदाफल (85), गनमैन एसडीओपी सिवनी, 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन सभी पर कर्तव्य में लापरवाही और संदिग्ध आचरण के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच जारी है और आगे विभागीय कार्रवाई भी संभव है।

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय -विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र विषय पर विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसके उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य ने अपनी बात रखते हुए बताया कि नशे से बचने के लिए जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव लाए स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित आहार नियमित व्यायाम पर्याप्त नींद मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है सामाजिक रूप से सक्रिय रहे परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताए। इसके उपरांत एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो गनेश कुमार मंतारे ने अपनी बात रखते हुए कहा किसी भी नशे के प्रस्ताव को विनम्रता से ना कहे और अपनी सीमाओं का सम्मान करें। प्रोफेसर रंजीता कमलेश ने नशा छोड़ने के घरेलू उपाय के बारे में बताया कि सही आहार शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। तत्पश्चात नशा मुक्त भारत के अंतर्गत एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से डॉ जैन कुमार पंचेश्वर, डॉ सौरभ सोनी ,डॉ रघुनाथ राव नागले डॉ लीडिया कुमरे, नीलम कश्यप , श्रीमतीअफसाना अंजुम आयुषी मिश्रा ,दुर्गा बनवारी उमाशंकर वर्मा अमितोष सनोडिया,सीनियर विद्यार्थी संदीप उइके एवं समस्त विद्यार्थियों का योगदान रहा।

### गुरु धाम दिघोरी में पदयात्रा का समारोह पूर्वक समापन हुआ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहन सिंह चंदेल द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर निकाली गई ग्राम स्वराज पदयात्रा का आज सिवनी विकासखंड के ग्राम गुरुधाम दिघोरी में समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौनी दादा आश्रम मझगवा से पधारे स्वामी बलवंत आनंद महाराज ने कहा कि पदयात्रा किसी तपस्या से कम नहीं है क्योंकि पदयात्रा संयमी लोग ही कर पाते हैं कोई व्यसन करने वाले व्यक्ति पदयात्रा नहीं कर सकते हैं। स्वामी जी ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आज तक जितने भी महान संत हुए हैं जितने पीर पैगंबर हुए हैं सभी ने पदयात्राओं के माध्यम से जन जागरण किया है।

## पेंच टाइगर रिज़र्व सिवनी में फिर गूंजी किलकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस करमाझिरी परिक्षेत्र के 39 नम्बर केम्प में मादा हथिनी दामिनी ने सुबह एक नन्हे नर बछड़े को जन्म दिया। वर्तमान में माँ और बछड़ा दोनों स्वस्थ है। दामिनी हाथी वर्ष 2000 में बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से लाई गई थी। इसकी माँ का नाम अनारकली था। जिस समय इसे लाया गया था तब इसकी उम्र 5 वर्ष थी अभी इसकी उम्र 30 वर्ष हो गई है। उक्त बछड़ा दामिनी और बाली नमक नर हाथी की संतान है बाली हाथी वर्ष 2022 में कर्नाटक राज्य से लाया गया था। इसके पूर्व भी दामिनी ने एक बछडे को जन्म दिया था पर कुछ ही समय मे उसकी मृत्यु हो गई थी। उसके बाद दामिनी ने यह अपना दूसरा बछड़ा दिया है।



## ग्राम जाम में हुई हत्या के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

घटना दिनांक 03.102025 को ग्राम जाम में एक्सीडेंट उपरांत डम्फर में आगजनी की घटना हुई थी उसी रात करीब 10 बजे आरोपी हरिओम सिरसाम ने मृतक चंद्रभान राजपूत के घर जाकर बोला कि तूने डम्फर जलाने में मेरा और मेरे भाई रामायन उर्फ रमान सिरसाम का नाम लोगों को बत्ताया है कहकर रात्रि में हाथ मुक्कों से मारपीट करना एवं दिनांक 04.10.2025 के सुबह 06:30 बजे आरोपीयों हरिओम सिरसाम एवं रामायण सिरसाम ने डम्फर जलाने में नाम लेने की बात पर से गंदी गंदी गाली देकर मृतक चंद्रमान राजपूत को हाथ मुक्कों एवं डंडों से मारपीट कर चोंट पहुंचाने से आई चोंटो के कारण मृतक की ईलाज दौरान मृतयु होने पर आरोपीयों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 466/2025 धारा 296,115 (2), 103(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लखनवाड़ा, थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी डूण्डासिवनी द्वारा हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल की मदद से आरोपी हरिओम सिरसाम एवं रामायन उर्फ रमान सिरसाम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। **आरोपी** रामायन उर्फ रमान पिता कन्हैया सिरसाम उम्र 30 साल 2- हरिराम पिता कन्हैया सिरसाम उम्र 25 साल दोनों निवासी जाम थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी। सराहनीय कार्य निरीक्षक सी.के. सिरामें थाना प्रभारी लखनवाडा, निरी. किशोर दामनकर थाना प्रभारी कोतवाली, निरी. सतीश तिवारी थाना प्रभारी डुण्डासिवनी, सउनि. योगेन्द्र सिंह ठाकुर, सउनि. निसार खान थाना डूण्डासिवनी, प्र.आर. 271 राजेश माथरे थाना कुरई, प्र.आर. 125 मनोज पाल थाना कोतवाली, प्र.आर. 381 आत्माराम सिमोनिया, आर० 202 शिवदीप ठाकुर, आर० 205 मनोज सूर्यवंशी, आर० 343 अभिषेक डेहरिया, आर0 452 ललित पाल, आर0 262 नीतेश राजपूत, आर0 140 कृष्णा मालेकर, आर० 748 सिद्धार्थ दुबे, आर० 113 सुनील डेहरिया, चा०आर० 247 इरफान एवं सायबर सेल सउनि० देवेन्द्र जायसवाल तथा आर0 400 अजय बघेल शामिल थे।

## दवा विक्रेताओं के विरुद्ध की जा रही अनुचित कार्यवाही पर जताई आपत्ति केमिस्ट एसोसिएशन ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

छिंदवाड़ा (परासिया) प्रकरण के संदर्भ में जिला दवा विक्रेता संघ ने दिवंगत बच्चों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। सिवनी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने अपने वक्तव्य में कहा है कि यह दुखद घटना औषधि निर्माण स्तर पर हुई गंभीर त्रुटि का परिणाम है, जिसका दवा विक्रेताओं से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। तमिलनाडु शासन की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हुआ है कि विवादित कफ सिरप का निर्माण मेसर्स श्रीसन फार्मा द्वारा किया गया था, जिसमें औद्योगिक श्रेणी के प्रॉपलीन ग्लाइकोल का उपयोग पाया गया जो कि निर्माण स्तर की गंभीर चूक है। सिवनी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने कहा है कि दवा विक्रेता केवल अधिकृत निर्माता अथवा वितरक से विधिवत बिल पर औषधियाँ क्रय करते हैं और चिकित्सक के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही सीलबंद दवा का वितरण करते हैं। विक्रेता न तो औषधि की निर्माण प्रक्रिया में शामिल होते हैं, न ही गुणवत्ता परीक्षण में उनकी कोई भूमिका होती है।

यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी औषधि संबंधी जांच में केवल वही अधिकारी सम्मिलित किए जाएँ जिन्हें औषधि अधिनियम, 1940 एवं नियम, 1945 का पूर्ण ज्ञान हो। अन्य विभागों के अधिकारियों की भागीदारी से औषधि व्यवसाय की गरिमा को ठेस पहुँचती है और अनुचित कार्यवाहियों से व्यवसायियों में असंतोष उत्पन्न होता है।

सिवनी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन को संलग्न पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जब तक किसी दवा विक्रेता की प्रत्यक्ष लापरवाही साक्ष्य के साथ सिद्ध न हो, तब तक उनके विरुद्ध की जा रही कार्रवाई रोकी जाए। प्रत्येक विक्रेता को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। दोष निर्धारण केवल निर्माता एवं नियंत्रण प्राधिकरण की जांच रिपोर्ट के आधार पर किया जाए।

सिवनी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने प्रशासन से निष्पक्ष एवं न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि निर्दोष दवा विक्रेताओं को राहत दी जाए तथा वास्तविक दोषियों के विरुद्ध ही कार्रवाई की जाए। सिवनी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने का मानना है कि इस प्रकार का संतुलित निर्णय न केवल दवा व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखेगा बल्कि जन-स्वास्थ्य सेवा में योगदान दे रहे दवा विक्रेताओं का मनोबल भी सुदृढ़ करेगा।

## मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**कलेक्टर ने कहा- समय पर मिले वेतन-एरियर्स, अस्पतालों की समस्याएं जल्द होंगी दूर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।



मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सिवनी के पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले से सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित वेतन विसंगति एवं एरियर्स भुगतान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को वेतन एवं एरियर्स का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पतालों में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसकी जानकारी प्रशासन को अवश्य दी जाए ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य मेरी पहली प्राथमिकता है, सभी स्वास्थ्य कर्मी निरंतर समर्पण एवं लगन से कार्य करें ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। इस दौरान मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, संभागीय सचिव जी.एस. बघेल, सचिव राकेश मोहन श्रीवास्तव एवं प्रवक्ता अवनेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहे।

## 921 वरिष्ठ नागरिकों का राष्ट्रीय वयोश्री योजना में पंजीयन

भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिले में चिन्हांकन एवं मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (**ALIMCO**) के सहयोग से दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को स्मृति लॉन, बारापत्थर सिवनी में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 212 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री संदीप परते ने बताया कि इसी क्रम में पूर्व में आयोजित शिविरों में 6 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत लखनादौन में 122 हितग्राही, 7 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत केवलारी में 197 हितग्राही, 8 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत घंसौर में 112 हितग्राही और 9 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत बरघाट में 278 हितग्राही चिन्हांकित किए गए। इस प्रकार 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक आयोजित शिविरों में कुल 921 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया। श्री परते ने बताया कि चिन्हांकित हितग्राहियों को आगामी चरण में आवश्यक सहायक उपकरण जैसे छड़ी, वॉकर, श्रवण यंत्र, दृष्टि सहायक उपकरण आदि निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

## कांग्रेस पार्टी का साथ देकर स्वयं के हितों की रक्षा कर लोकतंत्र को बचाने आगे आना होगा-मरावी

### बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर ग्राम खूट से पटेल टोला बरघाट जेवनारा तक पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

केन्द्र की मोदी सरकार के संरक्षण में चुनाव आयोग की असंवैधानिक नीतियों को अपनाते हुए लोकतांत्रित मूल्यों के विपरित दल विशेष को लाभ पंहुचाने चुनाव मतदाता सूचियों में वृहद रूप से गड़बड़ी कर देश के लाखो लाख मतदाताओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसका सबूत सहित अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने पूरे देश के सामने वोटचोरी को प्रमाण सहित लाकर रख दिया है मोदी सरकार की इस कायरता पूर्ण वोट चोरी के पाखंण्ड को देश और प्रदेश की आम जनता के सामने रखने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वोटचोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर ग्राम खूट से पटेल टोला बरघाट जेवनारा तक पद यात्रा की गई।



पद यात्रा के दौरान नरेश मरावी ने आम जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जी के नेतृत्व में वोट चोरी को लेकर आम मतदाता की लड़ाई लड़ रहे है, इसमें आप सभी की सहभागिता आवश्यक है।

लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए आप जागरूक होकर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में कांग्रेस पार्टी का साथ देकर स्वयं के हितो की रक्षा कर, लोकतंत्र के बचाने आगे आना होगा। पद यात्रा कार्यक्रम में विनोद वासनिक, हाजी मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, अनिल सिंह ठाकुर, टेकचंद बोपचे, सतीश सरयाम, मनोज राहंगडाले, मुबारक खान, यशपाल भलावी, सुनील लांजेवार, दुपेन्द्र अमुले, राहुल उइके, देवेन्द्र ठाकुर, अनिल मर्सकोले, विजय उइके, दिलीप राहंगडाले, राजा मुबीन, अशोक सिरसाम, सुनील राणा, अफसर खान, संतोष ठाकुर, अशोक आचरे, श्रीमती निभा गेडाम, बीरसिंह इनवाती, राजू खान, शिव बिसेन, अजय राहंगडाले, अनिल राहंगडाले, जयप्रकाश यादव सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर श्री शीतला पटले ने मीडिया प्रतिनिधियों से किया आत्मीय संवाद

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को जिले के मीडिया प्रतिनिधियों से भेंट कर आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के समग्र विकास, प्रशासनिक सुधारों, सुशासन की प्राथमिकताओं तथा हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाने संबंधी अपने विचार साझा किए।**



कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रशासन और मीडिया जनहित से जुड़े दो सशक्त स्तंभ हैं। मीडिया समाज का दर्पण है, जो शासन की योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों को जनता तक पहुँचाने में सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि मीडिया की रचनात्मक भूमिका से न केवल शासन-प्रशासन को जनता की अपेक्षाओं का आकलन करने में मदद मिलती है, बल्कि विकास कार्यों की गति और पारदर्शिता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासनिक टीम निरंतर कार्य कर रही है। प्राथमिकता यह है कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे और किसी स्तर पर विलंब या बाधा न आए। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे जनसमस्याओं को सकारात्मक और रचनात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करें ताकि समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के विकास से जुड़े मुद्दों, प्रशासनिक सुधारों तथा नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए मीडिया से उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।

## संभाग समन्वयक ने किया ब्लाक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड लखनादौन में जबलपुर संभाग के समन्वयक रवि बर्मन ने भ्रमण किया उनके साथ राष्ट्रीय गौ सेवक संघ से राजकुमार जैन भी उपस्थित रहे, लखनादौन विकासखंड के ग्राम जमुआ में जनसहयोग से ग्राम विकास कार्यक्रम रखा गया जिसमे मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि वर्मन,जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला,ब्लाक समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा,राष्ट्रीय गौ सेवक संघ से विशिष्ट अतिथि राजकुमार जैन एवं ग्राम पंचायत से सरपंच, सचिव, उपसरपंच, मोबेलाइजर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जमुआ, सोहागपुर, नवांकुर सोहागपुर संस्था और बापू गरीबदास फाउंडेशन जमुआ मध्यप्रदेश, आंगनबाडी कार्यकर्त्ता सहायिका एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ग्राम में जनता के सहयोग से किस प्रकार विकास हो इस विषय पर चर्चा की गई साथ ही नवीन रोजगार के सृजन पर बातचीत हुई, गाय पालने के फायदे के बारे में चर्चा की गई,ग्राम में नशामुक्ति को लेकर कोनसे कदम उठाने चाहिए वो बताये गए। ग्रामवासियों ने जमुआ को पूर्ण रूप से नशामुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया, जन अभियान परिषद से पहुंचे अधिकारी जनों ने ग्राम जमुआ एवं सोहागपुर में भ्रमण किया गया जिसमे प्रस्फुटन समिति द्वारा संचालित संस्कार केन्द्र और पुस्तकालय का भ्रमण कर समीक्षा की गई साथ ही समिति द्वारा स्थापित फलदार वृक्षों की नर्सरी में रोपित नीबू चन्दन अमरुद कटहल अनार इत्यादि किस्मों की जानकारी ली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बापू गरीबदास फाउंडेशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सुरेंन्द्र डेहरिया सचिव कमलेश धुर्वे सहसचिव मंदीप कहार एवं सदस्यगण,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष गिरीश बैशले सचिव दमड़ी लाल अरेवा, सोहागपुर समिति से अध्यक्ष चतुरानन्द बाजपेयी एवं सदस्यगण का विशेष योगदान रहा।संभाग समन्वयक रवि बर्मन एवं गौ सेवक संघ प्रचारक राजकुमारजी जैन ने ग्रामवासियों एवं समिति कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की है।

### स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर लालबर्रा क्षेत्र में पनप रहा आक्रोश

# विद्युत विभाग के कर्मचारियों की दबंगई कांग्रेसी नेता पर कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मुख्यालय के हृदय स्थल बस स्टैंड में बुधवार को मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की बिना अनुमति के स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे थे, जिसका विरोध कांग्रेसी नेता मनीष कुशवाहा द्वारा किया गया और उन्होंने यह बात पूछी की आप बगैर अनुमति के स्मार्ट मीटर क्यों लगा रहे हो? उन्होंने शासन का फरमान बताते हुए कार्य में बाधा डाल रहे हो ऐसा कहकर कांग्रेसी नेता मनीष कुशवाहा के खिलाफ लालबर्रा पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की अपराध धारा 132, 221, 296, 351 (2) एवं शासकीय संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत ₹एफ आई आर,, दर्ज करवाई, जबकि कांग्रेसी नेता मनीष कुशवाहा जनहित में स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे थे, लेकिन जे ई सरफराज कुरैशी उन्होंने उपभोक्ताओं को डरा धमका कर अनेक जगह पर स्मार्ट मीटर



लगाए और जो नहीं लगाना चाह रहे थे उन्हें धमकी दी थी अगर तुम्हारे द्वारा स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा आपकी सर्विस लाइन से बिजली पोल में ही मीटर लगाकर बिल भेज दिया जाएगा। एक तरह से डराना धमकाना और गुंडागर्दी की प्रवृत्ति कनिष्ठ यंत्री सरफराज कुरैशी द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की गई। इस मामले में आम जनमानस सरफराज कुरैशी के खिलाफ एक होकर लालबर्रा थाने में एफ आई आर दर्ज करने की मंशा बना रहे हैं। शायद डरा धमका कर स्मार्ट मीटर लगाने के मामले में सरफराज कुरैशी पर मामला पंजीबद्ध हो सकता है।

**तो हो सकता है लालबर्रा बंद**

विदित हो कि इस मामले में जनता पूरी तरह से आक्रोशित हो चुकी है, क्योंकि कांग्रेस नेता मनीष कुशवाहा पर मामला पंजीबद्ध हो चुका है। अगर उन्हें जेल जाना पड़ा तो उनके समर्थन में आम जनमानस लालबर्रा नगर बंद की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे भी सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है फिर यह सरफराज कुरैशी इस मामले को इतना तूल देकर जबरदस्ती ही आम उपभोक्ताओं के साथ जबरदस्ती क्यों कर रहे हैं। नगर में जिन बिजली उपभोक्ताओं की दुकानों में पुराने अच्छे मीटर निकालकर नए स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उन्होंने प्रेस को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी है।गुरुवार को स्थानीय कांग्रेस कमेटी के नेताओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में कलेक्टर साहब व तहसीलदार साहब के नाम पुलिस थाना लालबर्रा में ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें कांग्रेसी- मनीष कुशवाहा, ज्ञानरंजन शर्मा,दीपक तोमर, धर्मेन्द्र धानडे, भाऊराम गाड़ेश्वर, कमल शांडिल्य,जुगल भैरम, सतानंद दमाहे, मुनेंद्र ठाकरे, ओपी बिसेन, हेमेंद्र कारे, मकसूद खान, इमरान खान सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**पुराने मीटरों को क्या कबाड़ में बेचेगी सरकार?**

गौरतलब रहे की मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुराने मीटरों को उखाड़ कर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, तो इन करोड़ों मीटरों को क्या सरकार कबाड़ में बेचेगी या वह कंपनी जो स्मार्ट मीटर बना रही है वह आधे दाम पर खरीदेगी ? ऐसे में तो आम जनमानस जिनका पैसा टैक्स के रूप में सरकार को प्राप्त हो रहा है उसका दुरुपयोग ही हो रहा है।

पत्रकार वार्ता लेकर जे ई सरफराज कुरैशी ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर जनता के बीच में भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि इससे विद्युत खपत की सही जानकारी मिलेगी।

डरा धमका कर लगा रहे स्मार्ट मीटर मामले में कांग्रेस नेता मनीष कुशवाहा ने कहा कि शासन के दबाव में आकर इनके द्वारा जनता को डरा धमका कर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है जो कि अनुचित है। जबकि उपभोक्ताओं की अनुमति के बाद ही मीटर बदलना चाहिए। स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को रोक दिया गया है।

### रेंजर, डिप्टी रेंजर का निवास बालाघाट शहर में अप-डाउन से हो रही है वनों की सुरक्षा

# भगवान भरोसे वन परिक्षेत्र लामता कार्यालय!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में स्थित उत्तर वनमंडल सामान्य हमेशा भ्रष्टाचार का मामला हो या आरोप प्रत्यारोप का मामला हों, हमेशा सुर्खियों में रहता हैं। वनमंडल में स्थित उत्तर लामता में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी अपने मुख्यालय में न रहकर बालाघाट शहर से आना जाना करते हैं इसी कारण से अवैध कटाई एवं विभागीय कार्यों की देखरेख में कोई नियंत्रण नही रहता। शासन के नियमानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में रहने के कड़े निर्देश है किन्तु उत्तर लामता वन परिक्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के द्वारा शासन के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय वन परिक्षेत्र उत्तर लामता के लामता सर्किल में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक नीतू गिरी गोस्वामी अपने मुख्यालय में न रहकर बालाघाट शहर से आना जाना करती हैं जिससे कार्यों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा हैं।इतना ही नही वन परिक्षेत्र मे 'पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी भी अपने मुख्यालय में न रहकर बालाघाट मुख्यालय से ही आना जाना करते हैं जिसके कारण उनके



अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी भी मुख्यालय में न रहकर लामता आना जाना करते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने वनमंडलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव से मांग की है, परिक्षेत्र सहायक लामता एवं परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर लामता तथा अन्य कर्मचारी जो कि मुख्यालय में नही रहते हैं, उनकी जांच करवाकर कार्यवाही करें।

**कौन है परिक्षेत्र सहायक लामता**

वनपाल नीतू गिरी गोस्वामी को लगभग 2 माह हो गये है। परिक्षेत्र सहायक लामता का पदभार लेते हुए, किन्तु आज दिनांक तक मेडम बालाघाट शहर से अप-डाउन करते हुए वनों की सुरक्षा का कार्य कर रही हैं। मिली जानकारी अनुसार पूर्व परिक्षेत्र सहायक लामता के द्वारा निवास स्थान खाली नही किया गया है। इसी कारण मेडम का बालाघाट से अप-डाउन चालू हैं। हालांकि इससे पूर्व भी परिक्षेत्र सहायक लामता किराये के क्वार्टर लेकर वनों की सेवा करते रहे हैं। किन्तु मेडम को लामता में निवास स्थान की व्यवस्था नहीं मिल पा रही हैं। मिली जानकारी अनुसार नीतू गिरी गोस्वामी वन परिक्षेत्र वारासिवनी दक्षिण सामान्य में वनस्पति उद्यान गर्रा में पदस्थ थी, अपने कर्त्तव्य में घोर लापरवाही बरतते हुए निलंबन की कार्यवाही से गुजरनी पड़ी। तत्कालीन वनमंडलाधिकारी अभिनव पल्लव ने कार्यवाही करते हुए वनस्पति उद्यान से हटा दिया था। लंबे समय तक अटैच रहने के बाद वन परिक्षेत्र लामता सामान्य में परिक्षेत्र सहायक लामता में पदस्थ हैं। लामता सर्किल अतिसंवेदनशील क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं, यहां पर वन्यप्राणियों का अवैध शिकार, वनों की अवैध कटाई, रेत चोरी जैसे मामले आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनते रहते हैं, शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर भी दर्जनों शिकायतें स्थानीय व्यक्तियों के द्वारा की जाती रही हैं।

### लेट लतीफी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा समय पर स्वास्थ्य लाभ?

# निर्धारित समय पर नहीं खुल रहा ददिया का उपस्वास्थ्य केंद्र

**स्वास्थ सुविधाओं का नहीं हो रहा सुचारू क्रियान्वयन, स्वास्थ्य अधिकारी बरत रहे लापरवाही?**

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा अंतर्गत ग्राम ददिया का उप स्वास्थ्य केंद्र शासन द्वारा निर्धारित किए गए समय पर नहीं खुल रहा है. प्रतिदिन 11:00 बजे खुल रहा है जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है उप स्वास्थ्य केंद्र ददिया में पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी के लेट लतिफी के चलते जनता को समय पर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है ज़ो बहुत




ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ददिया उप स्वास्थ्य केंद्र की मिल रही निरंतर शिकायत पर मीडिया द्वारा शुक्रवार को 11:00 बजे ददिया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया तो देखा कि स्वास्थ्य परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ था। ग्रामीण चिंतामन बोपचे से पूछा गया कि अस्पताल कितने बजे खुलता है और कितने बजे बंद होता है तो बताया कि अस्पताल 11:00 बजे खुलता है और लगभग 5:00 बजे बंद हो जाता है उक्त मामले की सूचना लालबर्रा खंड चिकित्सा अधिकारी रितु धुर्वे को दी गई और उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों पर कार्यवाही की बात की है। अब देखना यह होगा कि लापरवाही की हद पार कर रहे और अपनी मनमानी पर उतारू ददिया में पदस्थ स्वास्थ कर्मचारीयों पर क्या कार्रवाई की जाती है.?

# शालाओं में शत प्रतिशत शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगायी जाए

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निपुण भारत मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन करें। शाला से बाहर बच्चों का समग्र आईडी से चिन्हांकन करें। शालाओं में शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगायी जाए। जिन शालाओं में शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस नही लगायी जा रही है उनके प्राचार्यो को नोटिस जारी किया जाए और कार्यवाही के लिए चेतावनी दी जाए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार शत प्रतिशत शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगाना अनिवार्य है। जब अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगायी जा रही है तो नियमित शिक्षकों की भी शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस होना चाहिए। प्रदेश के अन्य जिलों में 85 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगायी जा रही है, तो बालाघाट जिले में भी इसे शत प्रतिशत किया जाए।



कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण करें और शालाओं में शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान शाला में दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखे। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शालाओं में पालक शिक्षक संघ की नियमित रूप से बैठकें आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित 348 ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन शीघ्र तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन की नल-जल योजनाओं से जल प्रदाय किया जा रहा है वहां पर जल कर की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बने आवासो का इच्छुक लोगो को शीघ्र आवंटन करें और इस योजना में आवास निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करें।बैठक में जिला व्यापार उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को जिले में नए उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहन के लिए कार्यवाही करने तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कारगर कदम उठाने कहा गया। उपसंचालक कृषि को धान पराली प्रबंधन के लिए किसानों को अनुदान पर सुपर एवं हैप्पी सीडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

## नगर पालिका बालाघाट द्वारा पीएम आवास योजना के बकायादार हितग्राहियों की सूची जारी

**बालाघाट।** नगर पालिका बालाघाट द्वारा पीएम आवास (बीएलसी) योजना के बकायादार 133 हितग्राहियों की सूची जारी की गई है। इन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई थी लेकिन उनके द्वारा इस राशि का उपयोग आवास निर्माण में न कर अन्य कार्यों में किया गया है। शासन के निर्देशानुसार ऐसे हितग्राहियों के नाम सरेण्डर कर दिये गए है तथा इन हितग्राहियों को दी गई राशि की वसूली की जाना है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राहियों से की जा रही गृह भेंट

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजनांतर्गत लाभांवित हितग्राहियों से महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह गृह भेंट कर उन बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, शिक्षा, केरियर काउंसलिंग की जा रही है।

इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट श्रीमती दीपमाला मंगोदिया एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास वारासिवनी, श्रीमती यशोदा भगत एवं परियोजना अधिकारी बालाघाट ग्रामीण श्री शैलेन्द्र चौकसे द्वारा अपने संबंधित परियोजना के हितग्राहियों से गृह भेंट कर उनसे संवाद कर उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी जानकारी ली गई व कैरियर काउंसलिंग की गई। बच्चों के संरक्षकों से व्यक्तिगत संवाद कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए एवं बच्चों के उचित देखभाल के लिए परामर्श दिया गया। बच्चों को किसी भी प्रकार की मानसिक व शारीरिक समस्या होने पर विभाग से संपर्क करने की समझाईश दी गई।

## स्वदेशी जागरण की अनूठी पहल नमो युवा रन मैराथनः मोनिल जैन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्वदेशी का मूलमंत्र स्व, गांव और स्वदेश का मूलाधार है। इसी भाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के जन जागरण को लेकर आज बालाघाट नगर में नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया है। इस संबंध में नमो मैराथन के जिला सह संयोजक, भाजपा जिला सह आईटी प्रभारी मोनिल जैन ने कहा, स्वदेशी जागरण की अनूठी पहल नमो युवा रन मैराथन सराहनीय कदम साबित होगा। जिसमें सभी की भागीदारी स्वदेशी का अलख जगाने में नव प्रेरणादाई बनेगा। इसी भाव को लेकर आज भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कांवरे के नेतृत्व में भाजयुमो द्वारा आयोजित नमो युवा रन मैराथन में बड़ी संख्या युवा प्रतिभागियों और आमजन से सहभागिता का आग्रह है। मोनिल जैन ने कहा, आज सुबह 8 बजे स्थानीय हनुमान चौक से नमो युवा रन मैराथन प्रारंभ होगी। जो गुजरी चौक, काली पुतली चौक जाए स्तंभ चौक रानी दुर्गावती चौक, सिविल लाइन, एलआईसी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पुनः हनुमान चौक में दो चक्र में समाप्त होगी। इस मैराथन में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले प्रतिभागी बालक,



बालिकाओं को इनामी राशि से पुरस्कार किया जाएगा वहीं शेष प्रतिभागी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होंगे। मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी सुबह 7 बजे हनुमान चौक में आकर लगे स्टालों में अपना पंजीयन कर सकते हैं। इस दौरान नमो युवा रन मैराथन टोली के संयोजक, सहसंयोजक, सदस्यों, प्रबुद्ध जनों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों स्थानीय प्रशासन, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों का अमूल्य सहयोग प्राप्त होगा।

# आज शहर सहित ग्रामों में 5 घंटे बिजली गुल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट शहर और आस-पास के गांवों में कल शनिवार 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती होगी। बिजली कंपनी ने बताया कि 132 केवी सबस्टेशन में जरूरी मरम्मत का काम किया जाना है, इसलिए पूरे बालाघाट शहर की बिजली सप्लाई रोकनी पड़ेगी।

कंपनी के इंजीनियर रवि कुमार कुम्हरे के अनुसार, इस मरम्मत की वजह से सभी घरों, दुकानों, सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों की बिजली बंद रहेगी। सबस्टेशन से जुड़े सभी ग्रामीण फीडर और बड़े बिजली उपभोक्ता (हाईटेंशन) भी प्रभावित होंगे। आवश्यकतानुसार



यह अवधि घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है।

बालाघाट में बिजली कटौती से शहर के कई इलाके प्रभावित होंगे। बूढ़ी सब-स्टेशन के कारण आईटीआई, लुम्बिनी नगर, सुभाष नगर, पुलिस लाईन, भटेरा नाका और बालाघाट हॉस्पिटल जैसे क्षेत्र प्रभावित होंगे। मोतीनगर सब-स्टेशन से रेलवे स्टेशन, मिताली और आयुष्मान हॉस्पिटल, एक्सिस बैंक और एचटी रेलवे कनेक्शन वाले क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी।

इसके अलावा, एमपीईबी कॉलोनी सब-स्टेशन से बावनथड़ी कॉलोनी, शंकरघाट, रेंजर कॉलेज, सिविल लाईन, जयस्तंभ चौक और बस स्टैंड जेल परिसर सहित पूरा क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

### सरदार पटेल विश्वविद्यालय के विधि छात्रों ने लिया सक्रिय भाग

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के तत्वावधान में आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ



व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च विभाग के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इंजी दिवाकर सिंह जी के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कानूनों, अधिकारों तथा सामाजिक संवेदनशीलता पर विचार साझा किए। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मिथकों के निराकरण और इसके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर बल दिया।इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, उनके समाधान, और कानून द्वारा प्रदत्त सहायता के विषय में उपयोगी जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण निरंतर प्रयासरत है।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में इस विषय पर खुलकर संवाद करने के लिए प्रेरित किया गया।यह आयोजन न सिर्फ एक शैक्षणिक अनुभव रहा, बल्कि छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ने का भी एक सफल प्रयास सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश सतीश शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी जितेंद्र मोहन धुर्वे, आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक सुरजीत सिंह, सरदार पटेल विश्वविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक सिंह सिसोदिया एवं सभी विधार्थियों ,स्टाफ उपस्थित रहे।

### बालाघाट-सिवनी मार्ग पर बिलाई हुड़की (नेवरगांव ला.) में विरोध प्रदर्शन, कुछ समय मार्ग बाधित

# अवैध शराब की बिक्री को लेकर ग्राम बोट्टा की महिलाओं का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

थाना क्षेत्र में कच्ची व पक्की अवैध शराब की बिक्री पर विगत कई दिनों से विभिन्न ग्रामों की नशा मुक्ति समिति की महिलाओं व पुरुषों के द्वारा लालबर्रा थाना में शिकायत की जा चुकी है। पुलिस द्वारा कुछ जगह कार्रवाई भी की गई है इसके बाद भी कच्ची व पक्की अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नशा मुक्ति की महिलाओं का आरोप है कि पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर चल रही अनैतिक गतिविधियों को संज्ञान में लें। यदि जिम्मेदार विभाग क्षेत्र की वस्तु स्थिति का निरीक्षण करें तो अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। आबकारी विभाग अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर गांव-गांव पहुंचकर कार्रवाई करता है, लेकिन पक्की शराब क्षेत्र भर में कई स्थानों पर चाय पान ठेलों टपरिये, किराना दुकानों, चौक चौराहों में बिना लाइसेंस बिना अनुमति के अवैध रूप से बिक्री हो रही है। जिस पर पुलिस प्रशासन तो कभी-कभी कार्रवाई करता है, लेकिन अवैध पक्की शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने में आबकारी विभाग के अधिकारियों के हाथ कंपकंपाते हैं।

**अवैध शराब की बिक्री को बंद करवाने को लेकर नशा मुक्ति समिति बोट्टा की महिलाएं सड़क पर**

अवैध शराब की बिक्री को लेकर लालबर्रा क्षेत्र में महिलाओं का आक्रोश हाइवे सड़क तक आ पहुंचा, जहां बुधवार की देर शाम को बालाघाट-सिवनी मार्ग पर बिलाई हुड़की (नेवरगांव ला.) में एक ढाबा के पास ग्राम पंचायत बांदरी अंतर्गत ग्राम बोट्टा की महिलाओं द्वारा अवैध शराब की बिक्री को बंद करवाने की बात को लेकर विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम कर दिया गया। जहां सड़क पर सिवनी व बालाघाट दोनों ओर अपने-अपने गंतव्य को जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसके बाद मामला जिला व स्थानीय प्रशासन के संज्ञान में पहुंचते ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी लालबर्रा उपनिरीक्षक सुनील चतुर्वेदी मौका स्थल बिलाई हुड़की पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन के मौका स्थल पर पहुंचने के बाद भी नशा मुक्ति समिति बोट्टा की महिलाओं द्वारा ढाबा संचालक दिलीप उईके को अवैध शराब की बिक्री बंद करने हेतु बोला जा रहा था, जिस पर ढाबा संचालक ने महिलाओं के साथ अभद्रता, गाली गलौज, धक्का मुक्की व मारपीट कर दी। पुलिस प्रशासन ने अवैध शराब की बिक्री को बंद करने की मांग पर अड़ी लगभग सैकड़ों महिलाओं और ग्रामीणों को समझाईश दी और ढाबा संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने आश्वस्त किया। फिर 15 मिनट तक बाधित रहे ।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स एम.पी. मिनरल्स श्री संजय हीरावत, दूल्हापुर डोलोमाईट माईन, खसरा नं. 14/1, 14/3, 17/3, 21/2, 22/1 एवं 22 / 4. ग्राम दूल्हापुर, कटंगी, जिला बालाघाट, लीज क्षेत्रफल 2.147 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता 10,012 टी.पी.ए. हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है । उक्त परियोजना से संबधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर बालाघाट (2) कार्यालय जिला पंचायत, बालाघाट, ( 3 ) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द बालाघाट, (4) ग्राम पंचायत, ग्राम दूल्हापुर, कटंगी, जिला बालाघाट (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं ( 7 ) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455 / 456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है । जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर ( म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 10/11/2025 दिन सोमवार को दोपहर 12:00 बजे मेसर्स एम.पी. मिनरल्स श्री संजय हीरावत, दूल्हापुर डोलोमाईट माईन, ग्राम दूल्हापुर, कटंगी, जिला बालाघाट के खदान परिसर के समीप आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है ।

**क्षेत्रीय अधिकारी**